# University in News on 11 November 2024

## i-NEXT PAGE 6

# एनएसएस के लिए स्टूडेंट्स संख्या कॉलेजों को आवंटित

**राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए छात्र संख्या आवंटित**

**LUCKNOW (10 NOV):** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध 93 महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों सत्र 2024-25 के संचालन के लिए छात्र संख्या का आवंटन कर दिया गया है. लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व हरदोई के इन कालेजों में सामान्य कार्यक्रमों के लिए 18 हजार छात्र आवंटित किए गए हैं. इनमें 50 प्रतिशत छात्र संख्या विशेष शिविर आयोजन के लिए आवंटन मानी जाएगी.

### निर्देश जारी किए गए

एलयू के एनएसएस प्रोग्राम कोआर्डिनेटर अमरेंद्र कुमार ने कालेजों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं. छात्र संख्या आवंटन के बाद रजिस्ट्रेशन फीस सात दिसंबर तक शासन को प्रेषित करनी होगी. विशेष शिविर के आयोजन की सूचना 15 दिन पहले रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से निर्धारित प्रारूप पर शासन को न भेजने पर भविष्य में इकाइयों का आवंटन संभव नहीं होगा. साथ ही इकाइयों की गतिविधियों की नियमित रिपोर्टिंग न करने वाली इकाइयों को भी भविष्य में निरस्त कर दिया जाएगा.



**50** प्रतिशत छात्र संख्या विशेष शिविर आयोजन के लिए आवंटन मानी जाएगी

### पीएचडी कोर्स वर्क एग्जाम कल से होंगे शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा की समय सारिणी वेबसाइट पर जारी कर दी है. यह परीक्षाएं 12, 13 व 14 नवंबर को होंगी.

### एलयू का 104वां स्थापना दिवस सप्ताह 19 से

लखनऊ विश्वविद्यालय इसी माह 25 नवंबर को अपना 104वां स्थापना दिवस मनाएगा. इससे पहले 19 नवंबर से स्थापना दिवस सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभागों की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, इंचार्ज व समन्वयकों को पत्र जारी कर स्थापना दिवस सप्ताह में स्पोर्ट्स, कल्चर, डिबेट, डांस, म्यूजिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की पूर्व सूचना सचिव स्थापना दिवस की ई-मेल पर भेजने के लिए कहा है.

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : 19 से शुरू होगा स्थापना दिवस सप्ताह

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना 104वां स्थापना दिवस समारोह मनाएगा। इसके लिए 19 नवंबर से स्थापना दिवस सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभागों की ओर से अलग-अलग खेल, सांस्कृतिक सहित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, इंचार्ज व समन्वयकों को पत्र जारी किया है। उन्होंने विभागों से स्थापना दिवस सप्ताह में खेल, सांस्कृतिक, डिबेट, डांस, म्यूजिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की पूर्व सूचना सचिव स्थापना दिवस की ई-मेल पर भेजने के लिए कहा है।

**सम्मानित होंगे प्रतिष्ठित पूर्व छात्र :** लवि के स्थापना दिवस सप्ताह के कार्यक्रम मालवीय और एपी सेन सभागार में होंगे। मुख्य कार्यक्रम मालवीय सभागार में होना है। इस बार भी स्थापना दिवस के अवसर पर विज्ञान, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित अपने पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं। जल्द ही बैठक कर नाम पर मुहर लगेगी।